समाचार

नए साल में शहर को मिलने वाले तोहफे

Jan 01, 05:30 am

Print

आने वाले वर्ष 2011 में शहर को कई ऐसे तोहफे मिलेंगे जो विकास के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होंगे। इनसे शहर को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी।

नोएडा प्राधिकरण की सौगात

1. मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजना सेंट्रल पार्क।
2. मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजना में शामिल मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल।
3. सेक्टर 37 पर निर्माणाधीन ट्रैफिक जंक्शन का अंडरपास या फ्लाई ओवर इसी वर्ष हो सकता है चालू।
4. दो एसटीपी का नवीनीकरण और तीन नए एसटीपी।
5. जाम का पर्याय बन रही पांच प्रमुख पुलियों के चौड़ीकरण का काम होगा शुरू।
6. कई प्रमुख मार्गो को रेड लाइट फ्री करने का काम होगा चालू।
7. नोएडा स्टेडियम में होगा खेल सुविधाओं का विकास।
8. शहर की सभी रेड लाइट होंगी सोलर युक्त।
9. चालू होगा रजनीगंधा अंडरपास।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के तोहफे

1. अप्रैल 2011 में ग्रेटर नोएडा में मेट्रो का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस पर कुल पांच हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। तीन साल में शहर के लोग मेट्रो का लुत्फ उठा सकेंगे।
2. विश्व की चौथी और एशिया की पहली नाइट सफारी का निर्माण शुरू होगा। इसका निर्माण पूरा होने पर शहर को पर्यटन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।
3. ग्रेटर नोएडा का मार्ग गाजियाबाद, मेरठ, हरिद्वार आदि शहरों से सीधे जुड़ जाएगा। ग्रेटर नोएडा की लाइफ लाइन 130 मीटर रोड तैयार हो जाएगी।
4. शहर में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण शुरू हो जाएगा। आंतरिक परिवहन व्यवस्था सुगम हो जाएगी। शहर में बैटरी चलित रिक्शा चलेंगे।

यमुना प्राधिकरण के तोहफे

1. ग्रेटर नोएडा से आगरा के बीच निर्माणाधीन 165 किमी लंबा यमुना एक्सप्रेस वे जुलाई 2011 में चालू होगा।
2. खेल के क्षेत्र में शहर को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। एक्सप्रेस वे के किनारे निर्माणाधीन फार्मूला वन रेसिंग ट्रैक सितंबर 2011 तक पूरा होगा। अक्टूबर 2012 में फार्मूला वन रेसिंग प्रतियोगिता होगी।
3. एक्सप्रेस वे के किनारे सेक्टर 18 व 20 में विकास कार्य शुरू हो जाएगा।

जिला प्रशासन

1. कलेक्ट्रेट में आवाज रिकार्डिग युक्त शिकायत केन्द्र एक जनवरी से शुरू होगा।
2. माध्यमिक, जूनियर व प्राथमिक स्कूलों में बायोमैट्रिक मशीन से दर्ज होगी शिक्षकों की उपस्थिति।
3. गावों में राशन बांटने के लिए शुरू होगी एसएमएस सेवा।
4. 15 आंबेडकर गांवों में 31 मार्च तक पूरा होगा निर्माण कार्य।
5. जनसुविधा केंद्र पर तीन तरह के प्रमाण पत्र मिलने शुरू हो जाएंगे।

बिजली विभाग

1. जानसमाना गांव में 400 मेगावाट बिजली उत्पादन को मिल सकती है हरी झंडी।
2. घरबरा में निर्माणाधीन 220 केवीए सब स्टेशन होगा चालू।
3. आरसी ग्रीन स्तित 132 केवीए सब स्टेशन में 63 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगा क्षमता 180 मेगावाट की जाएगी।

शिक्षा विभाग

1. सावित्रीबाई फूलेकन्या इंटर कॉलेज व गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में आठवीं से बारहवीं तक कक्षाएं होंगी शुरू।
2. नॉलेज पार्क चार में शुरू होगा नया तकनीकी कॉलेज।
3. यमुना एक्सप्रेस प्राधिकरण में दो निजी विवि व एक कालेज का निर्माण होगा शुरू।
4. राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा योजना के लिए जिले को मिलेगा बजट, चीती में मॉडल स्कूल का निर्माण कार्य शुरू, चीती गांव में कस्तूरबा विद्यालय को मिलेगी नई इमारत।

निजता नीति | सेवा की शर्तें | आपके सुझाव
इस पृष्ठ की सामग्री जागरण प्रकाशन लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है
कॉपीराइट © 2007 याहू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सर्वाधिकार सुरक्षित
कॉपीराइट / IP नीति